आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने हरिद्वार में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। कार्यों की प्रगति पर सन्तोष जताया।
- टीबी मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देहरादून में स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ऐंचोली और निराड़ा में एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। सुरक्षा मानकों में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- बागेश्वर में बहुद्देशीय विधिक शिविर का आयोजन। आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

विकास योजना समीक्षा

ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने हरिद्वार में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी और रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए 'लखपति दीदी योजना' के तहत शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। श्री चौधरी ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने जिले में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति पर सन्तोष व्यक्त किया।

टीबी मुक्त

टीबी मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देहरादून में स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में एक सौ नवासी उच्च जोखिम क्षेत्रों को चिन्हित कर 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। निक्षय पोर्टल पर अब तक लाखों संवेदनशील लोगों का पंजीकरण किया जा रहा है और 53 प्रतिशत एक्स–रे स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि देहरादून में हर साल साढ़े तीन से चार हजार, टीबी के सक्रिय मामले सामने आते हैं, इसलिए बीमारी की समय पर पहचान और उपचार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने दो नई एक्स–रे मशीनों की मांग भी की है, ताकि स्क्रीनिंग की रफ्तार और बढ़ाई जा सके और टीबी के मामलों में प्रभावी कमी लाई जा सके।

## कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के मालसी वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभियान की प्रक्रिया, उद्देश्य और महत्व की जानकारी देते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित व अद्यतन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने–अपने बूथ क्षेत्रों में प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच बनाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण, संशोधन और सत्यापन की प्रक्रिया में सहयोग करें। बैठक में कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे घर–घर संपर्क कर नागरिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के प्रति जागरूक करें, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए।

## हेमकुंड यात्रा

प्रदेश में चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा सामान्य रूप से संचालित हो रही है और कहीं भी कोई व्यवधान नहीं है। रुद्रप्रयाग जिले के नगरासू स्थित गुरुद्वारा साहिब में गत 20 जून को हुई घटना के संबंध में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा है कि हेमकुंड साहिब यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि कुछ माध्यमों से यात्रा प्रभावित होने संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जिनका वास्तविक स्थिति से कोई संबंध नहीं है। जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें तथा केवल प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। वहीं, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं और यात्रियों का गुरुद्वारे में आवागमन सामान्य रूप से जारी है। लंगर, अरदास और अन्य धार्मिक गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

## एसटीपी प्लांट निरीक्षण

पिथौरागढ़ जिले में सीवरेज व अपशिष्ट जल शोधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ऐंचोली और निराड़ा में एसटीपी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक उपचार इकाइयों से लेकर एरेशन टैंक तक पूरी शोधन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों में कुछ कमियां पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्था को सुचारु और प्रभावी बनाया जाए, ताकि अधिकतम घरों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के लिए एसटीपी का बेहतर संचालन बहुत जरूरी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एसटीपी प्लांटों के संचालन, रख–रखाव और सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके।

विधिक स्वास्थ्य शिविर

बागेश्वर में आयोजित बहुद्देशीय विधिक साक्षरता, चिकित्सकीय व जन–जागरूकता शिविर में विभिन्न विभागों ने एक ही छत के नीचे आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शिविर का शुभारंभ उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति आलोक माहरा ने किया। शिविर में जिला प्रशासन सहित विभिन्न विभागों की व्यापक सहभागिता रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनिता कुमारी ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त जांच और दवा वितरण की व्यवस्था की गई। इसके अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए।
वहीं, लाभार्थी रमेश पाठक ने कहा कि इस तरह के शिविर बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल, देहरादून, टिहरी और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। साथ ही इन जिलों में कहीं–कहीं बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के शेष जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।